## खबर संक्षेप

### शिशुवती माताओं को प्रदाय की गई पोषण किट

मण्डला। जिला चिकित्सालय मंडला के मेटरनिटी विंग में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने शिशुवती माताओं को पोषण किट का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने शिशुवती माताओं एवं उनके परिजनों से जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य की जानकारी ली। प्रसूताओं से आत्मीय संवाद करते हुए उन्होंने 6 माह तक स्तनपान तथा शिशुवती माता के पोषण के विषय में चर्चा की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय सिंह कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, श्री रानू राजपूत, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मोहंती, सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### एस.डी.एम. नैनपुर ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया

मण्डला। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार चल रहे मतदाता सूची विशेष सघन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नैनपुर एस.डी.एम. श्री आशुतोष ठाकुर ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। एस.डी.एम. ने मतदान केंद्र क्रमांक 257, 259, 260, 261 और 268 का दौरा कर बूथ लेवल अधिकारी की टीम के द्वारा किए जा रहे ईएफ डिस्ट्रिब्यूशन एवं ईएफ डिजिटाईजेशन के कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीएलओ के द्वारा एसआईआर के सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएँ। अनुपस्थित मतदाताओं के घर कम से कम तीन बार जाकर अधिकतम लोगों को ई.एफ. फॉर्म के माध्यम से मैप किया जाए। मैपिंग के दौरान किसी भी समस्या पर बीएलओ ऐप में कॉल बुक कर तुरंत समाधान प्राप्त करने की नागरिकों को जानकारी दी जाए। ई.एफ. भरते समय किसी भी दस्तावेज की प्रति नहीं ली जाए तथा ई.एफ. का डिजिटाइजेशन तेजी से किया जाए। इसके अतिरिक्त एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान उपलब्ध केंद्रीय हेल्पलाइन 1950, अनुभाग स्तरीय कंट्रोल रूम तथा हेल्प डेस्क की जानकारी भी मतदाताओं को प्रदान की गई। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार पूजा राणा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### श्रीकांत डोंगरे का आकस्मिक निधन



मण्डला। नगर के सम्मानित सराफ़ा व्यापारी श्री श्रीकांत डोंगसरे जी का कल आकस्मिक निधन हो गया उनकी मृत्यु हृदय गति रुक जाने के कारण हुई है वह परिवार सहित रामेश्वरम दर्शन हेतु जा रहे थे तभी अचानक बेंगलुरु में उनकी तबीयत बिगड़ी और बेंगलुरु में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। श्रीकांत जी का अंतिम संस्कार कल शाम 4:00 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया उनके निधन से पूरे व्यवसाय जगत में शोक की लहर है।

## जनजातीय गौरव दिवस हमारे लिए गर्व का विषय है-मंत्री श्रीमती संपतिया उइके

# भगवान बिरसामुंडा के बलिदान को सम्मान





*** पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के ऑडीटोरियम हॉल में हुआ समारोह।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जनजातीय गौरव दिवस एवं मंडला गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मध्यप्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के त्याग और बलिदान को समझा तथा उनके सम्मान में जनजातीय गौरव दिवस मनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। आज हम महानायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्मजयंती के अवसर पर उन्हें याद कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के इस निर्णय ने जनजातीय समाज के गौरव को बढ़ाने का काम किया है। यह दिवस हमारे लिए गर्व का विषय है। मंत्री श्रीमती उइके पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के ऑडीटोरियम हॉल में आयोजित मंडला गौरव दिवस के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रही थी।

मंत्री श्रीमती उइके ने भगवान बिरसा मुंडा को याद करते हुए कहा कि झारखंड के खूंटी जिले के एक छोटे से गांव में जनजातीय परिवार में जन्म लेने वाले बिरसा मुंडा ने छोटी उम्र में ही अंग्रेजों के द्वारा जनजातीय समाज को धर्म से विमुख करने के कुचक्र को पहचान लिया था। मिशनरी स्कूल में बाल्यकाल में ही उन्होंने इस अत्याचार को देखा और मात्र 16 साल की अल्प आयु में इसके खिलाफ बगावत की। उन्होंने लोगों को अंग्रेजों के इस कुचक्र से बाहर आने और अपने पुरखों के धर्म संस्कृति को अपनाने के लिए अंग्रेजों के खिलाफ प्रेरित किया। उन्होंने शौर्य और साहस से दमनकारी अंग्रेजी सत्ता को चुनौती दी, उससे परेशान होकर षड़यंत्र करते हुए छलपूर्वक अंग्रेजों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और उन्हें जेल में बंद कर दिया। जेल में ही मात्र 25 वर्ष की अल्प आयु में उनका देहांत हो गया।

मंत्री श्रीमती उइके ने जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के विषय में चर्चा करते हुए कहा कि सुबह नगर के आंगन तिराहा में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए मंडला गौरव दिवस की शुरूआत की गई है। अब से आंगन तिराहा भगवान बिरसा मुंडा तिराहा के नाम से जाना जायेगा। इस तिराहे का आज ही नामकरण किया गया है।

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के ऑडीटोरियम हॉल में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में विभिन्न कलाकारों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सर्वप्रथम संस्कृति विभाग के कलाकारों ने गुदुम नृत्य की प्रस्तुति की, इसके पश्चात सीनियर आदिवासी कन्या छात्रावास की छात्राओं ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया। इसी कड़ी में एकलव्य आदर्श विद्यालय सिझौरा की बालिकाओं ने अपनी प्रस्तुति दी। समारोह में ही भगवान बिरसामुंडा के जीवनवृत्त पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात अंतिम प्रस्तुति के रूप में कन्या शिक्षा परिसर चटुआमार की छात्राओं ने आकर्षक समूह नृत्य प्रस्तुत किया। सभी कलाकारों के दलों को स्मृतिचिन्ह देकर प्रोत्साहित किया गया।

जनजातीय गौरव दिवस पर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया। जनमन आवास के अंतर्गत ग्राम जंतीपुर की श्रीमती दूजा बाई एवं रामवती बाई को प्रतीकात्मक रूप से प्रधानमंत्री जनमन आवास की चाबी दी। इसी प्रकार आयुष्मान कार्ड अंतर्गत श्रीमती दुर्गा कोल एवं श्रीमती सरोज गोंटिया, सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन अंतर्गत माधुरी मरकाम, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत श्रीमती पार्वती भारतीया को 25 हजार रूपए तथा श्री सुरेन्द्र वरकड़े को 50 हजार रूपए का ऋण पत्रक देकर लाभान्वित किया गया। इसी प्रकार बालिका विज्ञान प्रोत्साहन योजना अंतर्गत कुमारी प्रतिष्ठा कुरवेती अमलज्योति हायरसेकेंडरी स्कूल महाराजपुर, कुमारी अनुष्का सोनवानी भारतज्योति हायरसेकेंडरी स्कूल लालीपुर तथा नुपुर भलावी ज्ञानज्योति हायरसेकेंडरी स्कूल नैनपुर को 50-50 हजार रूपए की राशि के पत्र प्रदाय किए गए। रानी दुर्गावती पुरूष्कार की श्रेणी में दुर्गेश्वरी वट्टी अमलज्योति हायरसेकेंडरी स्कूल महाराजपुर एवं सादगी प्रधान सेंट एलायसिस पब्लिक स्कूल नैनपुर को 10-10 हजार रूपए की राशि के पत्र प्रदाय किए गए। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन अखिलेश उपाध्याय ने किया।

# शताब्दी वर्ष के अवसर पर सप्तशती संगम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कल दिनांक 15/11/2025 दिन शनिवार को विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर मोहगांव में संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर भारतीय संस्कृति, नारी शक्ति और राष्ट्र भावना के संगम का अनूठा आयोजन सप्तशती संगम के रूप में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उन विशिष्ट माता को सम्मानित करना था, जिन्होंने अपनी संतानों में संस्कार, सहनशीलता, देशभक्ति और राष्ट्रीय विचारधारा के गुणों का संचार किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती माधुरी अग्रवाल तथा मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती मीनू कछवाहा उपस्थिति रही। आयोजन का केंद्रीय विषय पंच परिवर्तन रहा, जिसके अंतर्गत कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, स्वबोध और नागरिक कर्तव्यों में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता श्रीमती विजय श्री दुबे एवं श्रीमती तृप्ति शुक्ला ने प्रदत्त विषयों पर पर्याप्त प्रकाश डाला और नारी को ही परिवर्तन की धुरी बताया। विद्यालय के बहनों ने रानी दुर्गावती, लक्ष्मीबाई और भगिनी निवेदिता की झांकियां के मनमोहक प्रस्तुतियां दी कार्यक्रम में समाज की दो विशिष्ट माताएं श्रीमती रानी नंदा और श्रीमती मीरा बैरागी को उनके मातृत्व और आदर्श जीवन समाज में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। आयोजित प्रश्नोत्तरी सत्र में मातृ शक्तियों ने अपनी चतुरता से उत्तर देकर सराहनीय प्रयास किया। कार्यक्रम में 140 मात्र शक्तियों की उपस्थिति रही ।कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम गायन के साथ किया गया।



# रैन बसेरा में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री ने किया 'कंबल बैंक 2.0' का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने सोमवार को जिला चिकित्सालय परिसर स्थित रैन बसेरा में कंबल बैंक 2.0 का शुभारंभ किया। ठंड के मौसम में अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को गर्माहट और सुरक्षा देने के उद्देश्य से शुरू की गई इस पहल में 200 कंबलों की व्यवस्था की गई है, जिन्हें जरूरतमंदों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही बच्चों के लिए 50 बेबी ब्लांकेट की भी व्यवस्था की गई है।

शुभारंभ के दौरान मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि किसी भी कठिन परिस्थिति में मरीज के साथ सबसे अधिक संघर्ष उसके परिजन करते हैं। कंबल बैंक जैसी पहल आमजन की पीड़ा को समझते हुए शुरू की गई है। जिला प्रशासन का यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक मानवीय और सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

रैन बसेरा में मरीजों के परिजनों के लिए सांझा चूल्हा सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे वे यहाँ रुकने के दौरान बिना किसी परेशानी के भोजन पका सकें। यह व्यवस्था जिला प्रशासन की जनसेवा के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को स्पष्ट दर्शाती है।

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि अस्पताल में सबसे अधिक कठिनाई मरीजों के परिजनों को ठंड के दौरान उठानी पड़ती है। कंबल बैंक 2.0 उन्हें तत्काल राहत और सुरक्षित ठहराव प्रदान करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होगा।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, रानू राजपूत, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री शास्वत सिंह मीना, सीएमएचओ डॉ. डी.जे. मोहंती, सिविल सर्जन श्री विजय धुर्वे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नारायणगंज से सटे राष्ट्रीय राजमार्ग के ढाबों में बिक रही देशी शराब

*** नई पीढ़ी पर मंडरा रहा खतरा, चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नारायणगंज क्षेत्र से सटे राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित कई ढाबों में खुलेआम देशी महुआ शराब की बिक्री जारी है। देर रात तक इन ढाबों में नशे का दौर चलता है, जहां नई उम्र के युवक बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। सस्ती और आसानी से उपलब्ध यह शराब युवाओं के जीवन को धीरे-धीरे बर्बादी की ओर धकेल रही है। कभी यात्रियों के भोजन और विश्राम के लिए प्रसिद्ध रहे ये ढाबे अब नशे के अड्डों में तब्दील हो चुके हैं।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि शाम ढलते ही इन ढाबों के आसपास शराबियों की भीड़ लग जाती है। कई युवक नशे में धुत होकर सड़क पर हंगामा करते हैं, जिससे आम जनता परेशान होती है। कई बार झगड़े, तोड़फोड़ और मारपीट की घटनाएं भी हो चुकी हैं। इस स्थिति से क्षेत्र की कानून व्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है और स्थानीय लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि ढाबों में बिकने वाली देशी शराब अधिकतर महुआ से तैयार की जाती है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। बावजूद इसके, बिक्री पर रोक लगाने में पुलिस तंत्र पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। कभी-कभार की जाने वाली जांच के बाद हालात दोबारा वैसे ही हो जाते हैं।

नशे की बढ़ती प्रवृत्ति का असर अब सामाजिक और आपराधिक गतिविधियों में भी दिखाई दे रहा है। क्षेत्र में चोरी और अन्य छोटी आपराधिक घटनाओं में इजाफा हो रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन से मांग की है कि इन ढाबों पर सख्त कार्रवाई की जाए, नियमित जांच की व्यवस्था हो और अवैध शराब बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। अगर समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह नशे की लत आने वाली पीढ़ी को अंधकारमय भविष्य की ओर ले जाएगी।

## बाल दिवस

### बाल दिवस पर बच्चों ने बनाई प्रदर्शनी, चित्रकला ने सभी को किया आकर्षित।

# स्थानीय विद्यालय में हुई खेल कूद प्रतियोगिताएं





*** विजेताओं को किया गया पुरूस्कृत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

स्थानीय विद्यालय लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 10/11/25 से 14/11/25 के बीच उत्साह और धूमधाम से किया गया। इस प्रतियोगिता में नर्सरी कक्षा से दसवीं कक्षा के छात्र छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेलों में दौड़ , लंबी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी, खो-खो, शॉट पुट, आदि खेल शामिल थे।

यह 4 दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने पूरी मेहनत और जोश के साथ खेलों में हिस्सा लिया। खेलों के माध्यम से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि टीम भावना एवं अनुशासन के विकास को बढ़ावा मिला। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में स्कूल संचालक रजनीश पांडे, प्राचार्य श्रीमती शांति सोनी, उप प्राचार्य विजय सार्वे और प्रकृति साहू रहे।

इस प्रकार वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन 14 नवंबर को शालेय परिवार एवं बच्चों के द्वारा बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के द्वारा विभिन्न क्रिया कलापों जैसे विज्ञान मेला प्रदर्शनी, रंगोली कला, नृत्य, का उत्सव मनाया गया। इन सभी क्रिया कलापों का निरीक्षण एवं मार्गदर्शन का कार्य शालेय संगठन के अध्यक्ष उत्तम तेकाम, संचालक रजनीश पांडे, प्राचार्य श्रीमती शांति सोनी, उप प्राचार्य विजय सार्वे, विज्ञान मेला प्रभारी प्रकृति साहू, एवं सुष्मिता देवनाथ, रितु राय, रोशनी दुबे, अंजनी साहू एवं समस्त शालेय परिवार के द्वारा किया गया।

अंत में सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरुस्कार से सम्मानित कर इस आयोजन ने विद्यालय के वातावरण को और भी जीवंत और उत्साहपूर्ण बना दिया।

विद्यालय परिवार और सीनियर छात्र छात्राओं ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भविष्य में भी इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लिटिल फ्लावर स्कूल हमेशा तत्पर और अग्रसर है।

# जिला चिकित्सालय मण्डला में 3 वर्षीय बच्चे की जटिल हड्डी सर्जरी सफल

*** पहले असफल ऑपरेशन के बाद मिला नया जीवन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला चिकित्सालय मंडला में चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की गई है। यहां 3 वर्षीय बालक हितेश बाम्बरे, पिता दिनेश बाम्बरे, निवासी मंडला का अत्यंत जटिल हड्डी का ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। बालक दुर्लभ बीमारी Congenital Pseudoarthrosis of Tibia Bone से पीड़ित था। यह एक जन्मजात विकृति है, जिसमें टिबिया (पिंडली की हड्डी) सामान्य रूप से नहीं जुड़ पाती और धीरे-धीरे मुड़ या टूट जाती है, जिससे बच्चा चलने-फिरने में असमर्थ हो जाता है। लगभग एक वर्ष पूर्व बच्चे का ऑपरेशन सुखसागर मेडिकल कॉलेज में माता-पिता द्वारा करवाया गया था, किंतु वह प्रयास असफल रहा। उस सर्जरी के बाद बच्चे की टिबिया बोन टेढ़ी हो गई, जिसके कारण पैर की बनावट बिगड़ गई और बच्चा चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ हो गया। बच्चे को पुनः उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मंडला लाया गया, जहां उसका परीक्षण डॉ. सूरज मरावी और डॉ. अंकित के मार्गदर्शन में किया गया।

सभी जांचों के उपरांत बच्चे की विकृत हड्डी को सुधारने के लिए जटिल ऑर्थोपेडिक सर्जरी की योजना बनाई गई। दिनांक 13/11/2025 को जिला चिकित्सालय मंडला के ऑपरेशन थिएटर में यह सर्जरी की गई। ऑपरेशन के दौरान बच्चे की टेढ़ी टिबिया हड्डी को तीन हिस्सों में सावधानीपूर्वक काटा गया, और फिर रॉड (Rod) एवं प्लेट (Plate) की सहायता से सही स्थिति में स्थिर किया गया। यह अत्यंत तकनीकी एवं जोखिमपूर्ण प्रक्रिया थी, जिसे विशेषज्ञ टीम ने पूर्ण सटीकता और कुशलता के साथ संपन्न किया। सर्जरी के दौरान निश्चेतना (Anesthesia) टीम से डॉ. प्रवीण उइके, डॉ. सोनम श्रीवास, और डॉ. निकिता चौरसिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं ओटी टीम में नर्सिंग ऑफिसर ब्रजेंद्र बैरागी, पुष्पेंद्र, सोमती, नर्सिंग सिस्टर शाहनाज़, विनीता, वार्ड बॉय मुकेश, अमित, एवं विमला का विशेष योगदान रहा। सभी सदस्यों ने समर्पण, टीमवर्क और पेशेवर कुशलता के साथ कार्य करते हुए इस सर्जरी को सफल बनाया।

डॉ. सूरज मरावी ने बताया कि यह केस अत्यंत चुनौतीपूर्ण था क्योंकि बच्चे की हड्डी पहले से विकृत और कमजोर हो चुकी थी, लेकिन विशेषज्ञ टीम के सामूहिक प्रयास और आधुनिक तकनीक के उपयोग से यह ऑपरेशन पूरी तरह सफल रहा। ऑपरेशन के बाद बच्चे की स्थिति सामान्य है और वह अब धीरे-धीरे चलने-फिरने में सक्षम हो रहा है।

**खबर संक्षेप**

### जिला शिक्षा अधिकारी ने किया वनांचल क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इन्दुरख्या एवं जिला परियोजना समन्वयक मनीष चौकसे ने संयुक्त रूप से एपीसी समीर त्यागी तथा विकास खंड शिक्षा अधिकारी चीचली श्रीमती नीलम मरावी एवं बीआरसी चीचली डी के पटेल के साथ विकास खंड चीचली के दुर्गम वनांचल क्षेत्र के विद्यालयों माध्यमिक विद्यालय छींदखेड़ा , प्राथमिक विद्यालय कोटरी , प्राथमिक विद्यालय भीलमा ढाना बी, माध्यमिक विद्यालय भीलमा ढाना ए का निरीक्षण किया। बताया जाता है कि इस निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी इन्दुरख्या ने विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने, छात्रों को गणवेश पर प्रतिदिन विद्यालय आने , एफ एल एन वर्क बुक्स पर कार्य , एट ग्रेड बुक्स पर छात्रों द्वारा कार्य एवं शिक्षकों द्वारा नियमित जांच कार्य करने के साथ साथ सभी छात्रों के आधार कार्ड अपडेट कराने संबंधी निर्देश दिए। डीपीसी मनीष चौकसे ने पीएम पोषण योजना अंतर्गत स्वच्छता पूर्वक पौष्टिक भोजन छात्रों को वितरित कराने , मध्यान्ह भोजन का सैंपल 24 घंटे तक प्रधान पाठक कक्ष में सुरक्षित रखने के आलवा अकादमिक गतिविधियों के समय सीमा में संपन्न करानेसंबंधी निर्देश दिये गये। वही दूसरी ओर विकास खंड शिक्षा अधिकारी चीचली श्रीमती नीलम मरावी ने शिक्षकों को नियमित रूप से शाला संचालन संबंधी निर्देश दिए। बीआरसी चीचली डी के पटेल ने समस्त विद्यालयों की रंगाई पुताई शीघ्र ही पूर्ण करने ,जनशिक्षा केंद्र स्तरीय ओलिंपियाड में छात्रों की शत प्रतिशत उपस्थिति संबंधी निर्देश दिए।उक्त निरीक्षण के समय जनशिक्षा केंद्र प्रभारी तेंदूखेड़ा सतेन्द्र सिंह कौरव, बी ए सी ब्रजेश नेमा, जनशिक्षक तेंदूखेड़ा संजय सोनी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक संतोष ठाकुर, दीपक मेहरा, नवनीत मेहरा , संदीप मेश्राम, अशोक ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, राम प्रसाद ऊईके सहित अन्य शिक्षकगण मोजूद थें।

### जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज/खुलरी। जहां एक ओर शासन प्रशासन द्वारा आये दिन पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये लोगों को पौधा रोपण करने का संदेश देने से नही चूकता है। मगर वही दूसरी ओर देखा जाता है कि जो पेड़ इस समय हरे भरे हुये दिखाई दे रहे है उनके रख रखाब में प्रशासन द्वारा बरती जा रही उदासीनता के चलते वह बदहाल स्थिति में पहुंचने से नही चूक पा रहे है? इस बात की सच्चाई इस समय शहरों के साथ साथ गाडरवारा करेली राष्ट्रीय स्तर के मार्ग पर लगे हुये पेड़ो को देखते हुये अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है कि इन शासकीय पेड़ो के प्रति प्रशासन कितना जागरूक है। क्योंकि मुख्य मार्ग किनारे लगे हुये इन पेड़ो को जहां संबंधित विभाग द्वारा रख रखाब के नाम पर मात्र साल भर में एक बार लाल रंग की गेरू व सफेद रंग का चूना से पुताई करने के बाद नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि यह शासकीय संपत्ति इस समय विज्ञापन पार्टियों के लिये प्रमुख स्थल बन चुके है और लोगों द्वारा मन मुताबिक इन पेड़ों के सीना में कील ढ़ोकते हुये धडल्ले से अपने विज्ञापन लगाने से नही चूक रहे है। इस प्रकार से पर्यावरण की रक्षा के लिये प्रमुख माने जाने वाले यह प्रकृति की धरोहर पूर्णरूप से विज्ञापन स्थल बनते हुये शासन प्रशासन द्वारा पर्यावरण की रक्षा के लिये दिये जाने वाले उस संदेश को ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? वही दूसरी ओर देखा जावे तो इस तरह पेड़ो में विज्ञापन या बेनर लगाने के लिये ठोकी जाने वाली कीलों के चलते वह पेड़ उस जगह से खराब होना शुरू हो जाते है और अंदर ही अंदर पोले होने के कारण कुछ समय बाद गिरने से नही बच पाते है। मगर इस तरह की जा रही अनदेखी निश्चित तौर से पर्यावरण की रक्षा का संदेश देने वाले अधिकारियों की उदासीनता को उजागर करने से नही चूक रहे है।

### चीचली शहर की लगातार बिगड़ रही यातायात व्यवस्था को सुधारने में असफल हो रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज/चीचली। यातायात व्यवस्था सुधारने से लेकर लोगों को कानून का पाठ पढ़ाने के लिये आये दिन पुलिस को क्षेत्र की सड़को पर अपने हाथों में एक डायरी रूपी कट्टा रखे हुये चालानी प्रक्रिया को अंजाम देते हुये देखा जा सकता है, मगर इस समय जिस प्रकार से चीचली नगर के अंदर जो यातायात व्यवस्था बिगड़ी हुई है उस ओर चीचली पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम इस प्रकार से देखा जा रहा है कि जहां नगरवासियों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है, वही दूसरी ओर महिलाओं को नगर के अंदर की सड़को से निकलना मुश्किल हो चुका है?

क्योंकि इस समय नगर के बाजार

# गोटीटोरिया मार्ग पर दौड़ रहे ओवर लोड़िग डंपर की अनदेखीः अधिकारियों की भूमिका पर खड़े कर रही सवाल, क्षेत्र की सड़कों के उड़ रहे परखच्चे






हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

सरकार द्वारा ग्रामीणो की सुविधा को ध्यान में रखते हुये करोड़ो रूपया खर्च करते हुये पक्की सड़को का निर्माण तो कराया गया है। मगर क्षेत्र में जहां तहां चलने वाले रेत खनन से लेकर कोयला खनन के कारण इन ग्रामीण सड़को पर दौड़ने वाले ओवर लोड़िग वाहनों के कारण इन सड़को की क्या दुर्गति होते हुये देखी जा रही है शायद यह बात किसी से छिपी नही होगी। मगर इसके बाद भी अधिकारियों द्वारा इन ओवर लोडिंग डम्फरों की अनदेखी निश्चित तौर से इस प्रकार मनमानी करने वालों को संरक्षण देने की मुद्रा में प्रतीत होने से नही चूक पा है? यह सच्चाई इस समय गाडरवारा गोटीटोरिया मार्ग पर खुलेआम दौड़ रहे ओवर लोड़िग हाईवानुमा डम्फरों के रूप में देखने मिल रही है। बताया जाता है बीते हुये कुछ वर्ष पहले क्षेत्र समीप जंगल पट्टी के गोटीटोरिया के पास बीएलए कंपनी द्वारा कोयला निकालने का कार्य किया जाता था। मगर मा. उच्च न्यायालय के आदेश के बाद बीएलए कंपनी द्वारा यहां पर अपना खनन कार्य बंद करते हुये यहां से बिदाई लेने के उपरांत कुछ दिनों तक गोटीटोरिया कोयला खदान बंद रही। वही बताया जाता है कि जब बीएलए कंपनी यहां से जा रही थी तो उसके द्वारा कोयला निकालने के लिये स्थापित की गई अपनी सभी मशीनों के साथ साथ जितना कोयला निकला गया था वह पूरा ले जाया गया था सिर्फ निम्नकोटी का कोयला यहां पर छोड़कर जाने की चर्चा थी...? मगर बीते हुये कुछ महिनों से देखा जा रहा है कि गोटीरिया के पास संचालित होने वाली कोयला खदान पर अन्य किसी दूसरी कंपनी का अधिकार हो चुका है। जिससके चलते इस नई कंपनी द्वारा इस समय यहां से भारी मात्रा में कोयला का भारी भरकम हाईवा डम्फरों के माध्यम से कोयला का परिवहन कराया जा रहा है..? यहां की कोयला खदान पर अपना अधिकार जमाने वाले इस कंपनी द्वारा खनन के लिये अभी तक शायद किसी भी प्रकार से कोई मशीनों की स्थापना नही की गई और न हो कोई सयंत्र स्थापित किया गया है। मगर इसके बाद भी जिस तरह प्रतिदिन यहां से सैकड़ो की संख्या में बडे बडे डम्फर कोयला का परिवहन करते हुये देखे जा रहे है वह चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहे है...? क्योकि जब बीएलए कंपनी यहां से अपनी बिदाई ले रही थी तो उस दौरान बताया जा रहा था कि जितने कोयले का उनके द्वारा खनन किया गया वह पूरा ले जाया चुका है तो फिर यह नई कंपनी बगैर खनन किये कहा का कोयला परिवहन करा रही है यह चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा है..? कही ऐसा तो नही की बीएलए कंपनी द्वारा खुदाई के दौरान जिस कोयला को गुणवत्ता हीन बताते हुये अलग रख दिया गया था। क्या अब इस कंपनी द्वारा उसी गुणवत्ताहीन कोयला का परिवहन करनते हुये विक्रय तो नही किया जा रहा है...? खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो भगवान ही जाने। मगर इस समय देखा जा रहा है कि गाडरवारा गोटीटोरिया मार्ग पर कोयला का परिवहन करते हुये ओवर लोड़िंग डम्फरों की धमाचौकड़ी देखने मिल रही है उसके चलते निश्चित तौर से यहां पर करोड़ो रूपया की लागत से बनाई गई सड़को के परखच्चे उड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। इस बात की सच्चाई गाडरवारा से गरधा की ओर जाने वाले मार्ग पर देखने आसानी से मिल सकती है। जहां पर इन डम्फरों की धमाचौकडी के चलते हाल ही में बनी सड़क गड्डो से परिपूर्ण नजर आने लगी है। वही दूसरी ओर ओवर लोड़िग डम्फरों से गिरने वाले कोयला के चलते सड़क पर बिखरने से छोटे वाहन चालको का निकलना मुश्किल हो रहा है। क्योंकि यहां से कोयला परिवहन करने वाले इन भारी भरकम डम्फरों की सच्चाई इस तरह से देखने मिल रही है कि उन में लगी हुई ट्राली को निर्धारित मात्रा से लगभग तीन फिट तक अधिक निर्माण कराते हुये तालपतरी से सच्चाई छिपाते हुये कोयला का परिवहन होते हुये देखा जा रहा है। मगर बडे ही हैरत की बात है कि इस तरह खुलेआम दौड़ रहे इन ओवर लोड़िग डम्फरों की धमाचौकड़ी को स्थानीय स्तर से लेकर जिला स्तर पर बैठे हुये सक्षम अधिकारियों के द्वारा जिस तरह नजर अंदाज किया किया जाना जहां आमजन के लिये परेशानी का कारण बनने के साथ साथ अधिकारियों की भूमिका को सबालों के कटघरे में खड़ा करने से नही चूक रही है? क्योंकि किसी भी वाहन में लगी हुई ट्राली का अतिरिक्त निर्माण कराते हुये उपयोग करना निश्चित तौर से यातायात नियमों के विपरित माना जाता है। मगर इसके बाद भी गोटीटोरिया पुलिस चौकी क्षेत्र से निकलकर चीचली पुलिस थाने से होते हुये गाडरवारा थाना क्षेत्र से दौड़ते हुये इन ओवर लोडिंग डम्फरों की अनदेखी के चलते परिवहन विभाग से लेकर स्थानीय अधिकारियों की कर्तव्य निष्ठा पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुये जान पड़ने लगी है..? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस तरह गाडरवारा गोटीटोरिया के बीच मच रही इन ओवर लोडिंग डम्फरों की धमाचौकड़ी पूर्ण सच्चाई संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रही है।



## घरेलू एलपीजी गैस का दुरूपयोग रोकने अधिकारियों ने छापा मारते हुये की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज/चीचली। निश्चित तौर से जब कोई वस्तु लोगों को आसानी से उपलब्ध होने लगती है तो लोग उसका दुरूपयोग करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाइर घरेलू एलपीजी गैस सिलेण्डर को लेकर देखने मिलने से नही चूक रही है। क्योंकि शासन द्वारा निर्धारित किये गये फोन पर लोगों के घरों तक आसानी से गैस सिलेण्डर पहुंचा दिया जाता है। मगर अब लोग इसका उपयोग जहां अपने प्रतिष्ठानों से लेकर, वाहनों सहित अन्य कार्यो में करते हुये देखे जाने लगे है। जबकि नियम के अनुसार प्रतिष्ठानों में उपयोग के लिये अलग गैस सिलेण्डर उपलब्ध रहता है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि लोग घरेलू एलपीजी गैस सिलेण्डर को जहां बडे बडे आयोजनों सहित अपनी दुकानों में उपयोग करते हुये देखे जा रहे है। इस तरह घरेलू गैस का हो रहा दुरूपयोग को रोकने के लिये कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार जिला आपूर्ति अधिकारी के नेतृत्व में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों की जांच दल द्वारा क्षेत्र की अनेक दुकानों सहित प्रतिष्ठानों पर अचानक छापा मारने की कार्यवाही की गई। बताया जाता है कि इस कार्यवाही जॉंच के दौरान समीपस्थ ग्राम सूखाखैरी में राजकुमार पुरी गोस्वामी पिता शंकर पुरी गोस्वामी के किराना स्टोर्स में 12 घरेलू गैस सिलेंडर अनाधिकृत रूप से संग्रहित पाए गए। मौके पर जांच के दौरान गैस सिलेंडर के भंडारण के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये। इसी तरह सुदरास तिराहा चीचली रोड गाडरवारा में स्थित श्री शिवाय एग्रो व्यावसायिक प्रतिष्ठान में एक घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग बेल्डिंग आदि व्यावसायिक कार्य में पाया गया। अधिकारियों द्वारा इस दौरान आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण दर्ज करते हुये कार्यवाही की गई। जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र कुमार खोबरिया ने बताया गया कि घरेलू एलपीजी के दुरुपयोग को रोकने के लिए जॉच कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। कोई भी व्यक्ति अपनी दुकानों सहित शादी समारोह सहित अन्य कार्यो के लिये निर्धारित किये गये गैस सिलेण्डर का उपयोग करे। यदि कोई भी व्यमित घरेलू एलपीजी गैस सिलेण्डर का घर में भोजन बनाने के आलवा अन्य दूसरे कार्य में उपयोग करते हुये पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जावेगी।



## राष्ट्रीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने आई टीमों के स्वागत में जुटे नपा अध्यक्ष सहित प्रशानिक अधिकारी, खेलों के आनंद में झूम रही नगरवासी




हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित हो रही 69 वी राष्ट्रीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता में देश लगभग हर प्रांत से खिलाड़ी आये हुये है। बताया जाता है कि क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा तथा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के प्रयासों से इस तरह का राष्ट्रीय स्तर का आनंद उठाने का अवसर नगर के लोगों को लगताार दूसरे वर्ष प्राप्त हुआ है। बीते हुये वर्ष जहां कबड्डी देखने का अवसर मिला था तो इस वर्ष आयोजित हो रही राष्ट्रीय स्तर पर 19 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में पांच दिवसीय व्हालीबाल प्रतियोगिता के तीसरे दिन दिन शनिवार को बालक एवं बालिकाओं की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने खेलों का प्रदर्शन किया गया है। क्योंकि जब किसी खेल मैदान पर आमने सामने दो टीमे खेलती है तो एक टीम का पराजित होना आम बात होती है। इस प्रकार से जहां कुछ टीमें हार रही है तो कुछ टीमें जीत रही है। मगर नगर ही नही बल्कि क्षेत्र के लोग खेल मैदान पर पहुंचकर खेलों का आनंद उठाते हुये देखे जा रहे है। वैसे भी देखा जावे तो हमारे यहां पर व्हालीबॉल खेल को बहुत कम लोग ही जानते थें। मगर इस प्रतियोगिता ने इस खेल के प्रति लोगों की रूचि को जागृत करने का कार्य किया है। तो दूसरी ओर स्कूलों बच्चों में इस खेल के प्रति जागरूकता देखने मिल रही है। इसी के चलते इस आयोजन को देखने के लिये जहां जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, खिलाड़ी, युवा, बच्चे और दूर- दराज के गांवों से लोग देखने के लिये पहुंच रहे है। शनिवार को आयोजित मैचों के बारे मे प्रचार प्रसार समिति सदस्य मधुसूदन पटैल ने जानकारी देते हुये बताया कि आयोजन के तीसरी दिवस व्हालीबॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग के मैचों में हरियाणा टीम ने बिहार को 3-2 से व उड़ीसा ने सीआईएसई को 3-2 तथा विद्या भारती टीम ने लक्षद्वीप व आंध्रप्रदेश ने झारखंड तथा पश्चिम बंगाल ने आईबीएसओ एवं उत्तराखंड टीम ने चंडीगढ़ तो मणिपुर ने दादर और नगर हवेली टीम को पराजित किया। वही मध्यप्रदेश ने आईपीएससी को 3-0 से हराया। इसी प्रकार बालिका वर्ग के मैचों में गुजरात टीम ने चंडीगढ़ व उत्तर प्रदेश ने बिहार टीम को तो आंध्र प्रदेश ने लद्दाख व तेलंगाना ने विद्याभारती को 3-0 एवं पश्चिम बंगाल में छत्तीसगढ़ को 3-1 से अंको से पराजित कियां गया। वही समाचार लिखे जाने तक बालक एवं बालिका वर्ग के मैच जारी रहे जो रात्रि तक पूर्ण हुये। ज्ञात हो कि प्रतियोगिता के दूसरे दिवस के देर शाम तक हुये मैचों में बालक वर्ग में तमिलनाडु ने पंजाब, सीबीएसई ने उत्तराखंड, गुजरात ने आईबीएसई, जम्मू कश्मीर ने सीआई एससीई, दिल्ली ने नवोदय विद्यालय, तो असम ने उड़ीसा, राजस्थान ने मध्य प्रदेश, जम्मू कश्मीर ने महाराष्ट्र, चंडीगढ़ ने तेलंगाना, पश्चिम बंगाल ने लद्दाख, छत्तीसगढ़ ने आईपीएसई, महाराष्ट्र ने सीआईएसई को 3-0 से, हिमाचल प्रदेश में मणिपुर को 3-1 एवं केरल ने हरियाणा को 3-2 से मात दी। इसी प्रकार बालिका वर्ग के द्वितीय दिन के रात्रि मैचों में हरियाणा ने आईबीएसओ, जम्मू कश्मीर ने सीआईएससीई, कर्नाटक में उत्तरा खंड, सीबीएसई ने उड़ीसा, मध्य प्रदेश टीम ने लद्दाख, तेलंगाना ने झारखंड को 3-0 तो केरल ने राजस्थान को 3-2 से पराजित करते हुये जीत का परचम लहराया था। आयोजन के तीसरे दिन नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा ने रूद्र मैदान में खिलाड़ियों का परिचय लेते हुये खेल का शुभारभ किया गया। इस प्रकार से नगर में अपने खेलों का प्रदर्शन करने के लिये आई हुई मेहमान टीमों के स्वागत में नगर पालिका अध्यक्ष इस से लगे हुये देखे जा रहे है कि वह समय समय पर भोजन व्यवस्था स्थल पर हालचाल जानते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर जिन स्थानों पर टीमों को आवास प्रदान किये गये है। सभी खिलाड़ियों को लाने ले जाने के लिये जिन बसों का निर्धारण किया गया है उन बसों में पहुंचकर नगर पालिका अध्यक्ष इस सोच के चलते निरीक्षण करते हुये मेहमान खिलाड़ियों से चर्चा करते हुये इस बात का पता करने का प्रयास करते हुये देखे जाते है कि उन्हें आने जाने के दौरान किसी भी प्रकार से कोई परेशानी का सामना तो नही करना पड़ रहा है। इस संबंध में नपा अध्यक्ष मिश्रा का कहना है कि हमारे नगर में आये हुये खिलाड़ी हमारे मेहमान है और हमारी संस्कृति में मेहमान को भगवान का दर्जा दिया जाता है। इसलिये यह खिलाड़ी हमारे लिये भगवान के स्वरूप से कम नही है। वही दूसरी ओर अन्य व्यवस्थाओं में जुटे हुये जिला पंचायत सदस्य डा. योगेश कौरव का कहना है कि हमारे लिये बडे ही गौरव की बात है कि नगर में लगातार दूसरे वर्ष इस तरह की प्रतियोगिता का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। हमारा प्रयास है कि नगर में देश के कौने कौने से आये हुये इन खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार से कोई परेशानी न हो..। वही दूसरी ओर खेल मैदान पर सुरक्षा के लिये भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इस प्रकार से आयोजन को सफल बनाने के लिये स्थानीय नगर पालिका के आलवा पुलिस,स्कूल शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मचारियों का सहयोग प्रतिदिन मिल रहा है।

# ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन का जिला सम्मेलन गाडरवारा में हुआ संपन्न





हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

अपने यूनियन को मजबूती पहुंचाने के आलवा अन्य जरूरी बिंदुओं पर चर्चा करने के लिये बीते हुये दिवस ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन द्वारा नगर की एक निजी होटल में जिला सम्मलेन का आयोजन किया गया। युनियन द्वारा किये गये इस सम्मेलन के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि एडवोकेट सुबोध प्रधान के आलवा प्रमुख वक्ता एडवोकेट शैलेस बोहरे तथा सीनियर एडवोकेट एन एस पटेल , एवं एड. आशीष गुप्ता, राजेश चौधरी, नरेश चौधरी, भुवन जाटव तथा अन्य ने संबोधित किया। वही अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष पीसी मलैया ने आभार व्यक्त किया। सम्मेलन के दूसरे सत्र में 21 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी का निर्वाचन किया गया। इस तरह बनाई गई नई टीम में अध्यक्ष पद के लिए एन एस पटेल एडवोकेट, उपाध्यक्ष -पीसी मलैया एवं आशीष गुप्ता तथा सचिव राजेश चौधरी, सह-सचिव टी सी चौधरी, भुवन जाटव एवं कु.सत्यवती चौधरी, कोषाध्यक्ष नरेश चौधरी, सह कोषाध्यक्ष निलेश साहू तो मीडिया प्रभारी आकाश सोनी,भाग्वेंद्र कुमार एवं हेमराज अहिरवार को नियुक्त किया गया है।

## गांव गांव बिक रहे मादक पदार्थों के चलते, बर्बादी की कगार पर पहुंच रही युवा पीढ़ी

हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा। नशे से सामाजिक माहौल विकृत हो रहा है, शराब की सेवन की जुंग में विवादों की घटनाएँ सामने आ रही है, क्योंकि अक्सर देखा जाता है कि नशा परिवारों में कलह का कारण बन रहा है, शहर और क्षेत्र की युवापीढ़ी तेजी से इस नशे की गिरप्त में आकर अपना भविष्य बर्बाद कर रही है। यह बात अलग है कि पुलिस प्रशासन द्वारा आये दिन नशा मुक्ति की रैली निकालते हुए लोगों को नशें से दूर रहने का संदेश दिया जाता है। मगर सही मायने में देखा जावे तो पुलिस द्वारा किये जाने वाली यह पहल मात्र औपचारिकता के आलवा और कुछ जान नही पड़ रही है। अक्सर देखा जाता है कि मंचों से अधिकारियों से लेकर समाज सेवी संस्थाओं द्वारा नशामुक्ति दिवसों पर बड़े बडे भाषण देते हुए नशा से दूर रहने की बात कही जाती है। मगर वही दूसरी ओर गौर करने वाली बात तो यह है कि आज शहर से लेकर गांवों में भी अवैध रूप से जिस प्रकार शराब की बिक्री हो रही है तो दूसरी ओर गांजा भी गांवों में आसानी से उपलब्ध हो रहा है जो चिंता का विषय होने के साथ साथ पुलिस प्रशासन की उदासीनता का परिणाम है? क्योंकि क्षेत्र के अनेक गांवो में खुलेआम अवैध शराब के अलावा गॉजा, महॅगी सिगरोटो, मस्ताना मुनक्का, नशीले ड्रग्स व गांव गांव बिक रहे अवैध शराब के सेवन का शौक युवाओं में बढ़ता जा रहा है? उक्त नशीले मादक पदार्थो के आगे मदिरा महारानी शीश झुका रही है? इस स्थिति में पुलिस या अन्य एन.जी.ओ. द्वारा समय समय पर चलाये नशा मुक्ति अभियान बेअसर सबित हो रहे है? यदि नशे की सच्चाई पर गौर कि जावे तो शहर से लेकर गांवों में शाम से देर रात युवाओं के डगमग कदमो का नजारा देख क्षेत्रवासियों को अब अहसास होने लगा है कि नशा विरोधी बातावरण मंचो से शायराने अंदाज में भाषण देने से नही कुछ होगा बल्कि इसके लिए कारो में नही गलियो में पैदल घूमकर जनसेवा का झंडा उठाने वालो को युवाओं को जागरूक करते हुए इस तरह की लगातर नसीहत देना होगी जिससे नशे का उन पर सवार जिन्न पूरी तरह भाग जाए। मगर अवैध मदाक पदाथों की बिक्री पर अंकुश लगाने में जिस प्रकार से पुलिस प्रशासन के कर्मचारियों का रवैया स्पष्ट होते हुए जान पड़ रहा है? सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार क्षेत्र के अनेक गांवों में जिस प्रकार से गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों की बिक्री हो रही है यह बात किसी से छिपी नही है? वही इस प्रकार से अवैधानिक रूप से मदाक पदार्थो की बिक्री करने वालों का नगर के पुलिस थाने में पदस्थ कुछ पुलिस कर्मियों से याराना संबंध होना जहां चर्चा का विषय बन चुके है? वही दूसरी ओर इस प्रकार के मादक पदार्थो की बिक्री के चलते युवाओं की जिन्दगी पूर्ण रूप से बर्बादी की कगार पर पहुंच रही है। इस संबंध में जब हमारी हरिभूमि टीम से नशा मुक्ति की सतही कोशिशो के बारे में चर्चा करते हुए लोगों का कहना है ।




## भगवान विरसा मुंडा की 150वीं जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

स्थानीय मंगल भवन प्रतिभा कॉलोनी में बीते हुये दिवस मध्य प्रदेश अजाक्स इकाई गाडरवारा व साईखेड़ा सहित सर्व आदिवासी समाज द्वारा संयुक्त रूप से बड़े हर्षोल्लास के साथ बिरसा मुंडा जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सामाजिक संगठनों, कर्मचारी संगठनो तथा सर्व समाज समुदाय के व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर भगवान बिरसा मुंडा जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण करने के साथ किया गया। वही मंचासीन अतिथियों के स्वागत उपरांत भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन वृतांत पर अतिथियों द्वारा विचार व्यक्त किए गये। अतिथियो ने उदबोधन में कहा कि बिरसा मुंडा जी जल, जंगल, जमीन एवं प्रकृति के रक्षक थे। अंग्रेजी हुकूमत में अंग्रेजों के विरुद्ध स्वाधीनता अधिकार आंदोलन छेड़ा और समुदायों को अधिकार दिलाने में अपने प्राणों का बलिदान दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख,पार्षद सतीश कौरव ,अजाक्स संरक्षक जिला नरसिंहपुर मलखान मेहरा,युवा आदिवासी संगठन अध्यक्ष अमित उईके, पी एम यू एम संघ के जिला अध्यक्ष मधुसूदन पटेल ,अजाक्स तहसील गाडरवारा अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर, अजाक्स तहसील साईखेड़ा अध्यक्ष लालजी प्रसाद कपाड़िया, महिला प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष गाडरवारा श्रीमती ज्योति पगारे,महिला प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष श्रीमती दसोदा अहिरवार ,खंगार समाज संघ जिला अध्यक्ष बलदेव खंगार आदिवासी महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती रजनी ठाकुर देवेन्द्र पगारे, कैलाश अहिरवार, डीसी ठाकुर, दुलीचंद अहिरवार, राजू ठाकुर,संतोष कुबरे ,परसराम अहिरवार,श्रवण कुमार ठाकुर,जयराम बरकड़े, कुमारी दुर्गा इरपाचे,रामेश्वर मेहरा ,संतोष अहिरवार, हेमराज त्रिपालिया के साथ मातृशक्ति एवं बच्चे भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत दुधमनिया के कार्यालय में चोरी

अनूपपुर। ग्राम पंचायत दुधमनिया के सचिव रामजी राठौर ने थाना अनूपपुर में पंचायत भवन में हुई चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन के अनुसार, पंचायत भवन के कमरे का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने आवश्यक दस्तावेज और अन्य सामान चोरी कर लिया साथ ही भवन की छत पर लगे सोलर पैनल को भी खोलकर ले जाया गया है। सुबह जब सचिव कार्यालय पहुंचे, तो ताला टूटा हुआ मिला और पंचायत भवन की विद्युत व्यवस्था प्रभावित पाई गई। घटना की सूचना मिलने पर सचिव ने तत्काल थाने में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय ग्रामीणों ने रात के समय सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने की वजह से असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने की आशंका जताई है। इस संबंध में अनूपपुर कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद जैन ने कहा कि जांच दल भेज दिया गया है।

### मंगलवार को होगा अखंड नवधा रामायण का समापन

कोतमा/बदरा। अखंड नवधा रामायण समापन एवं भंडारा दिन मंगलवार को होने जा रहा है। अखंड नवधा रामायण का कार्यक्रम कोतमा कालरी में कलश यात्रा के साथ 7 नवंबर से चल रही है श्री राम कथा का वर्णन अपने मुख वचन से शारदा प्रसाद मिश्रा द्वारा किया जा रहा है। आसपास के क्षेत्र से आए भक्त श्री राम कथा का आनंद ले रहे हैं। कार्यक्रम में सम्मिलित सभी लोग मुख्य अतिथि राम अवध सिंह, अध्यक्ष बुधराम केवट जितेंद्र दास कोमल तुलाराम रेवा राम चौहान श्रीमती अनीता दिनेश दास मानिकपुरी इंद्र लाल सुशील हेमंत कुमार योगेश सुरेश रवि बाबूलाल बसंत रविंद्र राकेश अजय संतोष शिवनाथ राम प्रसाद अनिल जयशंकर बिंदु सरस्वती माला देवी मां की सुनैना रामायण भाई जानकी फूलमती किरण और पूरे बस्ती के लोग कार्यक्रम में अपना योगदान दे रहे हैं।

### संस्कार लॉ कॉलेज के छात्रों ने न्याय उत्सव में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। 14 नवंबर को जिला न्यायालय अनूपपुर द्वारा 'विधिक सेवा न्याय उत्सव कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पिछले सप्ताह विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, क्विज और नुक्कड़ नाटक शामिल थे। सप्ताहभर चले इन आयोजनों में संस्कार लॉ कॉलेज के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और कई प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल किया।

संस्कार लॉ कॉलेज ने जीते कई प्रथम पुरस्कार- प्रतियोगिताओं के परिणामों में संस्कार लॉ कॉलेज के छात्रों का दबदबा देखने को मिला। सार्थक पटेल ने क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। समीक्षा परस्ते ने स्लोगन राइटिंग में प्रथम स्थान हासिल किया। वसुंधरा कौल ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंजलि राठौर ने पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। इन सभी विजेताओं को 14 नवंबर को न्याय उत्सव कार्यक्रम के समापन समारोह में सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के बाद संस्कार लॉ कॉलेज के छात्रों ने "गुड टच और बैड टच" विषय पर जागरूकता आधारित नुक्कड़ नाटक' प्रस्तुत किया। इस नाटक में यशवंत पटेल, अंजलि राठौर, पूजा यादव, अर्चना पटेल और आसरा शुक्ला ने प्रमुख भूमिकाएँ निभाईं। नाटक की प्रस्तुति के दौरान व उसके पश्चात उपस्थित सभी अधिकारियों ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की।

# धरती आबा बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर डिंडौरी में भव्य जनजातीय गौरव दिवस समारोह



बिरसा मुंडा योजना के तहत दिलीप सिंह मार्को को आठ लाख रुपये की सहायता, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत झाम सिंह को दस हजार रुपये, ज्योति चंदेल को मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से बस क्रय हेतु बाइस लाख नव्वे हजार रुपये, जबकि पीएम स्वनिधि योजना के तहत समीम बानो को पचास हजार और आनंद धुर्वे को पंद्रह हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया।



डिंडौरी। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में जनजातीय गौरव दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते, उपाध्यक्ष अंजु ब्यौहार, भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस, जनपद अध्यक्ष आशा सिंह सहित जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ कन्याओं के पूजन, दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् के सामूहिक गायन के साथ हुआ। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, वहीं विद्यार्थियों द्वारा बिरसा मुंडा के जीवन और जनजातीय संस्कृति पर आधारित नृत्य-नाटिका ने सभागार का ध्यान आकर्षित किया।अपने संबोधन में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा तथा सामाजिक न्याय की लड़ाई को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार जनजातीय समुदाय के विकास के लिए अनेक योजनाएँ चला रही हैं, जिनका लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने जनजातीय गौरव दिवस को अपनी संस्कृति, इतिहास और पूर्वजों के संघर्ष को याद करने का अवसर बताया। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आवास, रोजगार और कौशल विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासन का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है और सभी हितग्राहियों से



योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में जबलपुर में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। जिले की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को मंच पर सम्मानित किया गया। इसमें एमपीपीएससी 2023 में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित रश्मि कुसरे, 2025 में सहायक प्राध्यापक के रूप में चयनित रंजीत सिंह सैयाम और रमेश पूषाम तथा राज्य स्तरीय भाला फेंक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय चयन हासिल करने वाले प्रवीण मसराम शामिल रहे। मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को आर्थिक सहायता, चेक और स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। बिरसा मुंडा योजना के तहत दिलीप सिंह मार्को को आठ लाख रुपये की सहायता, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत झाम सिंह को दस हजार रुपये, ज्योति चंदेल को मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से बस क्रय हेतु बाइस लाख नव्वे हजार रुपये, जबकि पीएम स्वनिधि योजना के तहत समीम बानो को पचास हजार और आनंद धुर्वे को पंद्रह हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसके अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को नियुक्ति आदेश भी दिए गए। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। इनमें स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, तेजस्विनी स्व-सहायता समूह, पीएम स्वनिधि योजना तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रदर्शनियाँ शामिल थीं। विशेष रूप से महिला एवं बाल विकास विभाग की जनजातीय व्यंजन प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी, जिसमें महुआ, कोदो-कुटकी और स्थानीय वन उत्पादों से बने पारंपरिक व्यंजनों ने आगंतुकों को खूब प्रभावित किया। मंगरा साग, कोसड़ा साग, कुंदरू साग, जड़ी-बूटी की चटनियाँ और पारंपरिक मुर्गा भात जैसे विशेष व्यंजनों ने जनजातीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

## बाल संरक्षण सप्ताह के द्वितीय दिवस पोस्टर के माध्यम से बाल श्रम निषेध जागरुकता अभियान



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर की मार्गदर्शन में महाविद्यालय का बाल संरक्षण क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की संयुक्त तत्वाधान में बाल संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत द्वितीय दिवस महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं द्वारा बाल श्रम रोकने के लिए पोस्टर बनाकर बाल श्रम निषेध की जागरूकता का संदेश दिया गया हैं। बच्चों की बाल्यकाल अवस्था 1 से 14 वर्ष तक कोई भी श्रम नहीं करवाया जा सकता हैं। इस बाल्यकाल अवस्था में बच्चों की शारीरिक, मानसिक और बुद्धि का विकास होता हैं। और इस दौरान किसी भी बच्चों से बाल श्रम करवाया जाना पूर्णतः निषेध हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र कृष्णदास मानिकपुरी एवं हिमांशु बन्देवार बाल श्रम पर पोस्टर के माध्यम से बाल श्रम निषेध की संदेश दिया गया।

## जन अभियान परिषद अमरपुर द्वारा मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा जयंती

अमरपुर।

राज्य एवं जिला कार्यालय मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार जनजाति गौरव दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत सेक्टर अमरपुर के ग्राम डुंगरिया तथा सेक्टर मोहनझिर में कार्यक्रम संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों के द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की पूजन अर्चन कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गुलाब सिंह ठाकुर, साहब लाल पुषाम, पार्वती बर्मन एवं विकासखंड समन्वय अमर लाल धुर्वे जन अभियान परिषद अमरपुर द्वारा जनजाति गौरव दिवस के अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा की संक्षिप्त जानकारी दी गई। जिसमें बिरसा मुंडा जी के जन्म से लेकर उनके मृत्यु तक 25 वर्ष में किए गए समाज, धर्म और देश तक की जानकारी में धर्म के प्रति दृष्टिकोण, पलायन, ईसाइयों का षड्यंत्र एवं धर्मांतरण उपरांत मिशनरी स्कूल में मिला प्रवेश स्कूल से चर्च के





विरुद्ध वनवासियों का प्रतिकार, आंदोलन हिंदू धर्म में बिरसा की वापसी, समाज सुधार की राह बिरसा की गिरफ्तारी, ब्रिटिश सरकार से अपने जंगलों को बचाने के लिए वनवासियों को एकजुट किया। बिरसा मुंडा को ईश्वर में विश्वास था। आज भी बिरसा के प्रति वनवासियों में श्रद्धा भक्ति कूट-कूट कर भरा हैं तथा वनवासियों में ग्रंथ और अंत में उनकी रहस्य मई मृत्यु, बिरसा से जुड़े प्रसंग में परमात्मा की स्वीकृति ईश्वर का संदेश में धरती आबा हूं जैसा स्वयं को धरती आबा अर्थात पृथ्वी का पिता घोषित कर दिए थे इसलिए इन्हें धरती आबा के नाम से पहचाने जाते थे। आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वय अमरलाल धुर्वे, मोहनझिर सेक्टर में गणेश केवट, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, पंच एवं समिति के कार्यकर्ता सहित ग्रामवासी तथा अमरपुर सेक्टर में अरविंद यादव एवं समिति के कार्यकर्ता एकल अभियान के कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# अल्प प्रवास पर डिंडोरी पहुँचे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

डिंडोरी। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह अल्प प्रवास पर शुक्रवार को डिंडोरी पहुँचे, जहाँ भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया और पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मंत्री गिरिराज सिंह बिलैया के कार्यालय पहुँचे, जहाँ उनका वीरन माला, पारंपरिक बैगानी पगड़ी और साल पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बिहार में एनडीए की जीत पर उन्हें बधाई भी दी।मंत्री गिरिराज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय समाज के सम्मान हेतु भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने की परंपरा शुरू की है। उन्होंने बताया कि वे इस अवसर पर अमरकंटक में रात्रि विश्राम करेंगे। उन्होंने डिंडोरी के कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार चुनाव में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और उनकी टीम ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार द्वारा जनजातीय समुदाय के हित में महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। उन्होंने जनजातीय समाज से आह्वान किया कि वे बिरसा मुंडा के आदर्शों से प्रेरणा लेकर



अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए एकजुट रहें।बिहार की महिलाओं के उत्थान के लिए राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार जताया।

राजनीतिक टिप्पणियों के दौरान उन्होंने विपक्षी नेताओं पर भी निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और हालिया चुनावी परिणामों का हवाला देते हुए कहा कि मतदाता विकास और स्थिरता के पक्ष में अपना मत दे रहे हैं।केंद्रीय मंत्री ने देश की आंतरिक सुरक्षा और अवैध घुसपैठ के मुद्दे पर भी बात रखी। उन्होंने कहा कि घुसपैठ से प्रभावित राज्यों को सतर्क रहना होगा और इसके समाधान के लिए कठोर कदम उठाए जाने जरूरी हैं। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भों का उल्लेख करते हुए सीमा प्रबंधन को और मजबूत किए जाने की आवश्यकता बताई।कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र दुबे, वीरेन्द्र बिहारी शुक्ला, प्रीतम मरावी, पुनीत जैन, रीतेश जैन, धनेश धनंजय, प्रदीप द्विवेदी, डिम्पल दीक्षित, आलोक शर्मा, राजेंद्र बर्मन, अविनाश सिंह सैनी, धीरेन्द्र चक्रवर्ती, कान्हा शर्मा, नीरज बर्मन, सचिन चौकसे, संतोष राज, लोकेश टांडिया सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अमरपुर में बाल दिवस और जनजातीय गौरव दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

**अमरपुर।** नवांकुर संस्था अमरपुर बाल विकास विद्या मंदिर समिति द्वारा संचालित बाल विकास विद्या मंदिर हाई स्कूल अमरपुर में इस वर्ष भी बाल दिवस और जनजातीय गौरव दिवस का संयुक्त आयोजन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देव सिंह भारती ने फीता काटकर बाल मेले का शुभारंभ किया। इसके बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू, भारत माता और भगवान बिरसा मुंडा के तैलचित्र पर तिलक एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत आरंभ किया गया।जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली के निर्देशानुसार भगवान बिरसा मुंडा जयंती और जनजातीय गौरव दिवस का उत्सव पूरे सम्मान और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की छोटी-छोटी दुकानों की आकर्षक स्टॉलें लगाई गईं, जिनसे पूरे प्रांगण में दिनभर चहल-पहल बनी रही। छात्रों द्वारा रंगोली के माध्यम से बनाया गया भारत का नक्शा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा।आयोजित समारोह में ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। संस्था के संचालक अरविंद यादव और विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने



आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।विद्यालय स्टाफ में प्राचार्य एस.एस. मंसूरी, शिक्षक व्ही.पी. बेलिया, टी.एल. यादव, खिलावन लाल यादव, कमल सिंह मरावी, भजन करचाम, शिक्षिका नेहा पुषार्वे, मानसी यादव, सीता सरोते, प्रमिला मांझी, तनुजा विश्वकर्मा, रेखा धुर्वे, सुभद्रा गोहिया, छोटे लाल यादव, जमुना बाई, अनीता बाई, शांति बाई, राजेश यादव सहित सभी कर्मचारियों ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## जनजातीय गौरव दिवस पर रैली के साथ मनाया उत्सव, जनप्रतिनिधियों और आमजन का उत्साह उमड़ा



डिंडौरी। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर नगर में भव्य रैली का आयोजन किया गया। शाहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के नेतृत्व में निकली इस रैली में स्थानीय जनप्रतिनिधियों,



सामाजिक संगठनों, छात्र-छात्राओं और बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली की शुरुआत रानी अवंती बाई चौक से हुई, जहां उपस्थित लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा के जयघोष करते हुए जनजातीय गौरव, एकता और सांस्कृतिक पहचान का संदेश दिया। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन, आदिवासी संस्कृति की सजीव झलक और रंग-बिरंगे बैनरों ने पूरे कार्यक्रम के वातावरण को ऊर्जा और उत्साह से भर दिया।रैली उत्कृष्ट विद्यालय परिसर तक पहुंची, जहां प्रतिभागियों ने जनजागरण संदेश दिए और जनजातीय समाज की गौरवपूर्ण परंपराओं का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारी विरासत, संघर्ष और स्वाभिमान को याद करने का महत्वपूर्ण अवसर है, जो समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।नगरवासियों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष और यादगार बना दिया तथा पूरे शहर में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया।

## भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



डिंडौरी। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महान जननायक को नमन किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष, साहस और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा का प्रतीक है, जो पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, वरिष्ठ नागरिक और आमजन उपस्थित रहे। सभी ने भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें के जयघोष के बीच जननायक को श्रद्धांजलि दी, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से गूंज उठा।प्रतिमा स्थल पर संबोधित करते हुए विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उपस्थित नागरिकों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज के अधिकारों, संस्कृति और अस्तित्व की रक्षा के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया। उनका त्याग, वीरता और नेतृत्व आज भी जनजातीय समाज को नई दिशा प्रदान करता है।धुर्वे ने लोगों से आह्वान किया कि वे बिरसा मुंडा के आदर्शों पर चलते हुए समाज के उत्थान और विकास में सहभागी बनें।

## डिंडोरी में जिला कांग्रेस ने मनाई बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती



डिंडोरी। जिला कांग्रेस कार्यालय में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा के जीवन और उनके आदर्शों को याद किया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नंदकिशोर वनवासी ने कहा कि बिरसा मुंडा ने हमेशा लोगों से चोरी, झूठ और हिंसा से दूर रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासियों को अन्याय के खिलाफ लड़ने का मंत्र दिया और नशा न करने का संदेश भी दिया। नेता प्रतिपक्ष ज्योतिरादित्य भलावी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज को संगठित कर अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने सभी से अपील की कि बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चलते हुए उनके आदर्शों को अपनाया जाए।कार्यक्रम में दीपक मरावी, देवेंद्र बरवा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जावेद इकबाल, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शुभम मरावी, जनपद सदस्य ओमप्रकाश मार्क, दीपक विश्वकर्मा, रामनरेश धोरैया, गिरवर सिंह मलगाम, मनोज मरावी, लहरदार टांडिया सहित अन्य कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।अंत में सभी ने बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।



## युवा क्रिकेट क्लब अमरपुर की बम्हनी पर 9 रनों से शानदार जीत

**अमरपुर।** ग्राम पंचायत देवहारा बम्हनी में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं। जिसमें युवा क्रिकेट क्लब अमरपुर और बम्हनी के मध्य 10-10 ओवरों का मैच खेला गया। युवा क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 91 रन बनाते हुए 92 रनों का लक्ष्य बम्हनी के मध्य जीत के लिए रखा। युवा क्रिकेट क्लब की ओर से बल्लेबाजी करते हुए प्रताप और पंडित ने धुआंधार 25-25 रनों का पारी खेली वहीं शिवम और सचिन मरावी ने 8-8 रन तथा योगी ने 6 बहुमूल्य रन बनाए। बम्हनी की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सफीक और आदेश ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2-2 विकेट हासिल किए। वहीं पर लक्ष्य का पीछा करने उतरी बम्हनी की टीम निर्धारित 10 ओवरों में 82 रन ही बना सकी और 9 रनों से मैच गंवा दी। बम्हनी टीम की ओर से आदेश ने धुआंधार 35 रन बनाए परंतु वह अपनी टीम को जीत दिलाने में असफल रहे। युवा क्रिकेट क्लब अमरपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए जयदीप और सचिन ने 2-2 विकेट हासिल किए।

## खबर संक्षेप

### चम्मच दौड़ कुर्सी दौड़ में लिया भाग बनाई ड्राइंग

**तेंदूखेड़ा।** बाल दिवस पर स्कूलों में दिन भर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित हुई जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। शासकीय कन्या विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ साथ गीत गायन ड्राइंग खेल गतिविधियों में भी भाग लिया जिसमें चम्मच दौड़ कुर्सी दौड़ 100 मी 200मी दौड़ खो खो कबड्डी गोला चक्ती भाला फेंक प्रतियोगितायें प्रमुख रुप से शामिल रहीं। सभी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

### रचना पाठ एवं शामे ग़ज़ल का आयोजन आज

**तेंदूखेड़ा।** मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी संस्कृति परिषद संस्कृति विभाग के तत्त्वावधान में ज़िला अदब गोशा नरसिंहपुर के द्वारा सिलसिला के तहत रचना पाठ एवं शामे ग़ज़ल का आयोजन आज रविवार को दोपहर 12 बजे से आज़ाद पैलेस तेंदूखेड़ा में ज़िला समन्वयक अनीस शाह के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें ज़िले के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों तहसीलों एवं बस्तियों के ऐसे स्थापित शायर एवं साहित्यकार अपनी प्रस्तुति देंगे जिन्हें अकादमी के मंचों पर प्रस्तुति का कम अवसर मिला है। इस कार्यक्रम में अरविन्द सिंह कल्प धर्मेन्द्र आज़ाद ज्योति श्रीवास्तव डॉ. ए.के. सोनी 'मौलिक' लखन डेहरिया योगेन्द्र सिंह योगी सतीश तिवारी सरस शेख़ जाफर ज़फ़र प्रगति पटेल अंशु, ख़लील करेलवी नंदकिशोर शर्मा सचिन नेमा मेघा मिश्रा के नाम शामिल हैं। गोष्ठी के पश्चात शामे ग़ज़ल का आयोजन होगा जिसमें नरसिंहपुर के प्रसिद्ध ग़ज़ल गायक मनीष शुक्ला अपने साथियों के साथ ग़ज़लों की प्रस्तुति देंगे।

### बैठक सूचना

समस्त सहयोग क्रीड़ा मंडल आयोजन समिति ,स्थाई समिति युवा मंडल ,समस्त सदस्यों का आज रविवार को सहयोग क्रीड़ा मंडल के 42वे सोपान ,सहित मोनू भैया स्मृति सेवा सप्ताह के तहत होने वाले समस्त कार्यक्रम का निर्धारण किया जाना है। इस बैठक में सरदार सिंह पटेल सचिव मणि नागेंद्र सिंह फाउंडेशन जालम सिंह पटेल पूर्व मंत्री संरक्षक सहयोग क्रीड़ा मंडल उपस्थित रहेंगे।

### महाकौशल स्कूल में बाल मेला संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस बाल दिवस पर महाकौशल हायर सेकेंडरी स्कूल में नचिकेता बाल मेला का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय दुबे तथा पं. नीरज महाराज अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथियों में इंजीनियर विष्णु रावत, श्रीमती किरण दुबे, महेश नेमा, अनिल नेमा, प्रवीण ब्योहार एवं प्राचार्य अरविंद दुबे शामिल हुए। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता मेले का मुख्य आकर्षण रही। बच्चों ने नेहरू जी, रानी लक्ष्मीबाई, रानी अहिल्याबाई, रानी दुर्गावती आदि के रूप में प्रभावी प्रस्तुति दी। साथ ही व्यंजन मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल एवं रचनात्मक प्रदर्शनी ने कार्यक्रम को रोचक बनाया। अभिभावकों, शिक्षकों व विद्यार्थियों की व्यापक सहभागिता से नचिकेता बाल मेला 2025 सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### चेक बाउंस प्रकरण में आरोपी को कारावास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस न्यायालय प्रथम श्रेणी न्यायिक दण्डाधिकारी धर्मेंद्र नागवंशी ने धारा 138 एन. आई. एक्ट प्रकरण क्रमांक 310/2021, श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड बनाम अभिशेक शर्मा आत्मज देवेंद्र शर्मा निवासी ग्राम नयाखेड़ा, आमगांव बड़ा, नरसिंहपुर को 250000 रुपए के चेक बाउंस प्रकरण में ब्याज, न्याय शुल्क अधिवक्ता शुल्क सहित 362500 रुपए के अर्थ दंड एवं 6 माह के साधारण कारावास एवं राशि जमा ना करने पर 3 माह के अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया है, परिवादी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड शाखा प्रबंधक अतुल नेमा एवं कलेक्शन मैनेजर दीपक गुहेरिया की ओर से अधिवक्ता अरविंद सोनी ने पैरवी की।

## बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

# सरकार लोगों के कल्याण के लिए कर रही कार्यः मंत्री श्री सिंह







### हितग्राहियों को हितलाभ वितरित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शनिवार को प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जन्म जयंती मना रही है। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा जी के योगदान और बलिदान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने सभी से भगवान बिरसा मुंडा जी से प्रेरणा लेने की बात कही। भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मी बाई, सुभाष चंद्र बोस जैसे अनेक वीर नायक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदानों से हमारा देश आजाद हुआ है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का यही सपना था कि देश आजाद हो और गौरवशाली, समृद्धशाली, विचारक, आर्थिक रूप से सशक्त और राष्ट्र की सर्वश्रेष्ठता प्राप्त करें, उसी दिशा में सरकार काम कर रही है। सरकार ने तेंदूपत्ता तोड़ने वालों की राशि में बढ़ोत्तरी की है। भगवान बिरसामुंडा जी ने जिस स्वतंत्रता और लोकतंत्र की कल्पना की थी। जनजातीय गौरव दिवस पर उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में कही।

### हितलाभ किया गया वितरित

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा जी का पूजन- अर्चन और दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् गायन के साथ हुआ। इस अवसर पर अतिथियों ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजनाओं के तहत हितग्राहियों और लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितलाभों का वितरण किया। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गुजरात में आयोजित हुए कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जबलपुर में आयोजित हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संबोधन को सुना व देखा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेंद्र ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश व सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, हितग्राही, गणमान्य नागरिक और विद्यार्थी मौजूद थे।

### विविध प्रतियोगिताएं हुए आयोजित

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। सरकार द्वारा जनजातीय पखवाड़े का आयोजन किया गया। पखवाड़े के दौरान जिले में जनजातीय बाहुल्य ग्राम, पंचायतों आदि क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। स्कूलों में रंगोली, भाषण, चित्रकला आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने सहभागिता दी। भगवान बिरसा मुंडा जी के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिले के विकासखंडों में प्रचार- प्रसार वाहन चलाया गया। पखवाड़े के दौरान जनजातीय हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिले और योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इसी क्रम में दूरस्थ वन क्षेत्र ग्राम भिलमाढाना में 14 नवंबर को आदि जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं से वंचित ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाया गया।

### शिक्षण संस्थान में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस



गत दिवस जन शिक्षण संस्थान द्वारा ग्राम खैरी में दक्ष कंप्यूटर सेंटर पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिखा पटेल द्वारा की गयी। कार्यक्रम के अध्यक्ष शिखा पटेल ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किये गये कार्यो का उल्लेख किया। मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच रिया जाट द्वारा बताया गया कि बिरसा मुंडा को उनके आंदोलन एवं जाति के लिए बलिदान देने के लिए आदिवासी इलाकों में बिरसा मुंडा को भगवान की तरह पूजा जाता है। बिरसा मुंडा की समाधि रांची में कोकर के निकट डिस्टिलरी पूल के पास है जहां उनकी मूर्ति भी है। 15 नवंबर को भारत सरकार ने बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। कार्यक्रम में निदेशक आशीष कुमार सेन ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सेंटर के लाभार्थियों द्वारा भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनामिका काछी, द्वितीय स्थान मुस्कान काछी, तृतीय स्थान शालिनी कुशवाहा एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी, द्वितीय स्थान शाम्भवी, तृतीय स्थान संयोगिता द्वारा प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के अधिकारी रोशन पटेल, मुकेश भारिया, पूनम पाली, अंजली ठाकुर एवं सभी लाभार्थी उपस्थित रहे एवं आभार प्रदर्शन मुकेश भारिया द्वारा किया गया।

# कलेक्टर ने आवासों व स्कूल का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह और सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने संयुक्त रूप से जिले की जनपद पंचायत चीचली के दूरस्थ, दुर्गम वन क्षेत्र ग्राम भिलमाढाना में पीएम जनमन योजना के तहत बनाए गए आवासों और एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने पीएम जनमन योजनांतर्गत अनीष भारिया और मुन्ना रातू भारिया के आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अपने आवास को अच्छा सुंदर व स्वच्छ बनाएं रखें। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि बोरी बंधान कर यहां के नाले का पानी रोकने का प्रयास किया जाए, जिससे पानी का सदुपयोग किया जा सके। इसके पश्चात कलेक्टर श्रीमती सिंह एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला पहुंची। उन्होंने बच्चों से स्नेह पूर्वक संवाद किया और प्रश्न भी पूछे। यहां कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन को चखकर भी देखा।



### अभाविप द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता होगी आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इकाई द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में एक जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को महान स्वतंत्रता सेनानी एवं जननायक बिरसा मुंडा जी के जीवन, संघर्ष और भारतीय संस्कृति के बारे में जागरूक करना है। उक्त आयोजन जिले की सभी तहसीलों में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों को सुविधाजनक रूप से परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर मिल सके। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने हेतु आकर्षक पुरस्कारों दिए जाएगें। उक्त जानकारी नगर मंत्री पर्व द्वारा दी गई।

# डोंगरगांव नर्मदा स्कूल में मनाया गया बाल दिवस



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर बाल मेला का आयोजन किया गया। नेहरू जी बच्चों से बहुत प्रेम करते थे, और बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कहकर बुलाते थे। नेहरू जी का बच्चों से विशेष स्नेह उन्हें विश्वास था कि बच्चे देश का भविष्य हैं। इसलिए उनकी जयंती को बच्चों के नाम समर्पित किया गया। इसलिए आज के दिन बाल दिवस मनाया जाता है इसी क्रम में शासकीय माध्यमिक शाला डोंगरगांव नर्मदा स्कूल में बाल दिवस मनाया गया। बाल मेला का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चाचा नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। बाल मेले में विद्यार्थियों ने चित्रकला, खाद्य स्टॉल और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों द्वारा प्रदर्शित रचनात्मकता और नवाचारपूर्ण मॉडल ने शिक्षकों और अभिभावकों को प्रभावित किया। विद्यालय स्टाफ ने बताया कि बाल मेले का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सीखने की व्यावहारिक क्षमता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति ने बच्चों का उत्साह और बढ़ाया। मेले के दौरान पूरे विद्यालय परिसर में बच्चों की खुशी और उमंग से उत्सव जैसा माहौल बना रहा। बच्चे अपने घर से आलूबंडा जलेवी समोडा ब्रैड पकोड़ा फुलकी आदि पकवान बनाकर स्कूल में खाद्य स्टॉल लगाकर बाल दिवस मनाया

# भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर नया बस स्टैण्ड गोटेगाँव में भव्य कार्यक्रम आयोजित



भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर नया बस स्टैण्ड गोटेगाँव में एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, उनके राष्ट्रभक्ति से प्रेरित संघर्ष, आदिवासी समाज के उत्थान एवं उनके "राष्ट्र प्रथम" संदेश को जन-जन तक पहुँचाना रहा।मुख्य अतिथि के रूप में गोटेगाँव विधायक माननीय महेन्द्र नागेश जी ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल आदिवासी समाज के प्रेरणास्रोत ही नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता चेतना के अग्रदूत थे। उनका उलगुलान आंदोलन शोषण के विरुद्ध जनशक्ति का प्रतीक था, जिसने स्वतंत्रता संघर्ष को नई दिशा दी।कार्यक्रम में विशेष रूप सेजिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश काकोड़िया, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजेश झारिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष चावरपाठा शोभाराम ठाकुर, पूर्व सरपंच नेगुवा रूप सिंह ठाकुर, बोस वार्ड पार्षद प्रताप सिंह ठाकुर 'राजा' मेलाराम ठाकुर सरपंच भामा उपस्थित रहे।सभी अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। आदिवासी समाज के अनेक प्रतिनिधि, वरिष्ठजन, महिलाएँ एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की।वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया जाना, जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और योगदान का राष्ट्रीय सम्मान है। भगवान बिरसा मुंडा का जीवन बल, त्याग, समर्पण और राष्ट्रभक्ति की अद्वितीय मिसाल है, जो आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ एवं अंत में सभी ने भगवान बिरसा मुंडा के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# कांग्रेस की सेक्टर बैठक संपन्न



**तेंदूखेड़ा।** विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पार्टी के चाँवरपाठा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक एस आई आर से संबंधित रखी गई जिसमें पूर्व विधायक संजय शर्मा मप्र कांग्रेस कमेटी के सचिव दीवान शैलेन्द्र सिंह विधानसभा प्रभारी मनीष राय जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति सुनीता पटेल ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल के साथ साथ ब्लॉक के वरिष्ठ कांग्रेस जन बी एल ए मंडलम सेक्टर के अध्यक्षगण उपस्थित रहे। मंगल भवन डोभी आयोजित इस बैठक में पूर्व विधायक संजय शर्मा प्रभारी मनीष राय तथा जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल ने अपने अपने विचार रखते हुए सभी सेक्टर प्रभारियों और बी एल ओ को सजगता रखने पात्र अपात्र लोगों के नाम जोड़ने काटे जाने पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन ओमप्रकाश पटेल तथा आभार सूर्यकांत दिवगैंया के द्वारा किया गया। इस बैठक में मझले भैया केवल सिंह बाबूलाल राय राधेश शर्मा राजकुमार तिवारी प्रीतम पटेल राजकुमार शर्मा देवेंद्र पटेल विश्वनाथ सिंह राजेंद्र जैन श्रीकांत गुप्ता चौधरी पंकज अर्पित जैन मनी जैन अंकित जैन भूपेंद्र जय वार यशवंत आचार्य डी एस पटेल बबलू शुक्ला रामेश्वर पटेल जितेन्द्र पटेल ब्रजेश खोजर नारायण पटेल राजेश साहू जगदीश पंडा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भारत की वैश्विक धरोहर का कराया भ्रमण



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस बाल दिवस के अवसर पर श्रीजी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ऊमरपानी द्वारा संस्था के विद्यार्थियों के लिए भारत की वैश्विक धरोहर भीमबेटका एवं भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक धरोहर शिव मंदिर भोजपुर के भ्रमण का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को भारत की वैश्विक एवं सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान बच्चों ने भोजपुर पहुँचकर शिव मंदिर में विराजित विशाल शिवलिंग के दर्शन किए। भोजपुर के बारे में बताया जाता है कि यह आध्यात्मिक और स्थापत्य कला का अद्भुत नमूना राजपूत वंश की विरासत और उसके संरक्षक, भोपाल के संस्थापक, राजा भोज की भक्ति का साक्षी है।

इसके बाद सभी विद्यार्थियों ने भारत की वैश्विक धरोहर भीमबेटका का भ्रमण किया। भीमबेटका प्रागैतिहासिक युग के शैलचित्रों और प्राचीन शैलाश्रयों के लिए प्रसिद्ध है। ये गुफाएँ दुनिया के कुछ सबसे पुराने मानव निवास स्थानों में से हैं और इन्हें यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल का दर्जा प्राप्त है। इन शैलचित्रों को पुरापाषाण काल से मध्यपाषाण काल का माना जाता है और यह भारतीय उपमहाद्वीप में मानव जीवन के सबसे पुराने निशानों में से हैं। सभी विद्यार्थियों ने पाषाण युग में आदिमानव द्वारा निर्मित प्राचीन गुफाओं एवं शैलचित्रों को देखा। बच्चों के मन में बहुत से सवालों ने जन्म लिया और उन्हें समझने और निराकरण करने में शिक्षकों ने उनका सहयोग किया। यह खास अनुभव बच्चों को हमारे जीवन के अतीत एवं वर्तमान से मेल कराने में सहयोग करेगा। संस्था का उद्देश्य बच्चों को प्रकृति के संरक्षण और विकास के प्रति जागरूक कराना था। इस भ्रमण कार्यक्रम में बच्चों के साथ संस्था के प्रबंधक मलखान सिंह पटैल आरती पटैल संस्था की प्राचार्य शिक्षक शिक्षिकायें बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# श्रीराम के चरित्र को जीवन में उतारें

### ईश्वर पुर में चल रही श्री राम कथा

**तेंदूखेड़ा।** समीपी ग्राम ईश्वरपुर में संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है।कथा के पंचम दिवस अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता कथा व्यास सुश्री प्रेमलता मिश्रा ने हनुमान जी महाराज की कथा को काफी विस्तार से सुनाते हुए स्पष्ट कहा कि जीवन में भगवान का भजन जरूरी है। अंतर्मन से किए जाने वाले भजन को प्रभु स्वीकार करते हैं भगवान के भजन वाणी में मधुरता आती है और आकर्षण बढ़ता है। विद्वान पंडित रावण स्वयं वेदों का ज्ञाता था फिर भी अनीति के मार्ग पर चला स्वयं के द्वारा जगतजननी का हरण किया और समूल राक्षस जाति को प्रभु श्री राम से युद्ध किया अंत समय में श्री राम का नाम लेने से भवसागर से पार हो गया। कलयुग में तो नाम लेने पर ही श्री राम की कृपा हो जाती है। भाव से बना हुआ भोजन भोग के रूप में प्रभु स्वीकार करते हैं। और भावपूर्वक नाम लेने से प्रभु प्रसन्न हो जाते हैं उनकी कृपा प्राप्त हो जाती है।केवल नाम लेना और रामायण पढ़ना भी काफी नहीं बल्कि श्री राम के चरित्र को जीवन में उतारने की जरूरत है आज की युवा पीढ़ी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के चरित्र को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है।उक्ताशय के अमृत वचन कथा व्यास प्रेमलता मिश्रा ने व्यक्त किए।



### बताई भजन की महिमा

कथा का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने भजन की महिमा बताते हुए कहा कि संत नामदेव जी महाराज मीराबाई तुलसीदास चैतन्य महाप्रभु वल्लभाचार्य जी नरसी मेहता माता शबरी आदि के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उनकी भक्ति और भजन कीर्तन समर्पण से ही भगवान ने स्वयं आकर दर्शन दिये।

कथा व्यास ने कहा की मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की कथा ही नहीं बल्कि जीवन जीने का सुलभ मार्ग भी बताती है। जीवन में प्राणी को भगवान से जुड़ना ही कथा है। भाग्यशाली की परिभाषा बताते हुए कहा कि हनुमान जी जटायु परम और माता अहिल्या अतिशय बड़भागी हैं। पवनसुत हनुमान जी सुभाहू मारीच के मरण एवं भगवान रामचंद्र जी के विवाह उनकी शिक्षा दीक्षा वन गवन एवं विवाह आदि की बहुत ही मार्मिक ढंग से कथा सुनाई जा रही है। दूर-दूर से श्री राम कथा का श्रवण करने के लिए श्रोता उपस्थित हो रहे हैं।

### कथा श्रवण करने पहुंचे पूर्व विधायक संजय शर्मा

सदैव धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में विशेष रुचि रखने वाले तेंदूखेड़ा विधानसभा के पूर्व विधायक संजय शर्मा एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश सचिव दीवान शैलेंद्र सिंह भी कथा में सम्मिलित होकर व्यास पीठ का पूजन अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित किया।